दिनांकः 28.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात कीं यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद की स्थिति को लेकर हुईं इससे पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कल रक्षामंत्री से उनके आवास पर मुलाकात की थी और पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना द्वारा लिए गए निर्णयों पर चर्चा की थीं
इस बीच, भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर गलत सूचना फैलाने के लिए 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया हैं इन चैनलों पर सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान फैलाने का आरोप हैं सरकार ने हमले पर बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर भी आपत्ति जताई है और भारत के बी.बी.सी. प्रमुख को देश की भावनाओं से अवगत कराया हैं

पहलगाम हमले के बाद प्रदेशभर में जन आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन लगातार शांति और कानून व्यवस्था बनाने में जुटा हैं वीज़ा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने का काम किया जा रहा हैं वहीं बाहरी राज्यों से आकर रह रहे लोगों का भी सत्यापन किया जा रहा हैं भीलवाडा में पुलिस ने विभिन्न होटलों और धर्मशालाओं की जांच कर दस्तावेज जांचें इधर, कोटपूतली–बहरोड़ में पुलिस प्रशासन ने शांति और समन्वय समिति की बैठक कर लोगों से भ्रामक सूचनाएं नहीं फैलाने और अवांछित फोन कॉल से सचेत रहने की अपील की हैं

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगीं राष्ट्रपति भवन में शाम को आयोजित समारोह में तीन श्रेणियों–पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री में ये पुरस्कार दिये जाएंगें इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थीं इसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं आज पहले चरण में 71 हस्तियों को ये सम्मान मिलेगां इनमें जोधपुर निवासी शीन काफ निज़ाम को भी पद्मश्री पुरस्कार से नवाज़ा जाएगां श्री निज़ाम उर्दू भाषा के शायर, चिंतक और आलोचक के तौर पर जाने जाते हैं

000

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने आज जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात कीं राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान दोनों राज्यपालों ने विभिन्न विषयों पर संवाद कियां दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थीं राज्यपाल श्री कटारिया ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से भी मुलाकात कर चर्चा कीं

000

प्रदेश में अक्षय तृतीया और पीपलपूर्णिमा पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए इन दिनों जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं सरहदी जिलों और जनजाती बाहुल्य इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही हैं बालोतरा जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन ने निचले स्तर तक अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की हैं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और निजी संस्थाओं के सहयोग से बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरुक किया जा रहा हैं
वहीं, कई जिलों में जिला प्रशासन ने सर्कूलर जारी कर ऐसे विवाहों में शामिल होने वाले रिश्तेदारों, पंडितों, हलवाईयों और टेन्ट वालों तथा बैंड वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा हैं

000

कांग्रेस पार्टी की ओर से आज जयपुर में विभिन्न मुद्दों पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा हैं रामलीला मैदान पर हो रहे इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हुएं इस दौरान पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित पार्टी पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता मौजूद रहें

000

भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी से निकाल दिया हैं आहूजा पर पिछले दिनों विवादास्पद आचरण कर जातीय भावनाओं को भड़काने का आरोप थां पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अनुशासन समिति की जांच रिपोर्ट आने के बाद ये फैसला लियां इस बीच, आहूजा ने उन पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बतायां

000

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में मेजबान राजस्थान रॉयल्स का सामना गुजरात टाइटन्स से होगां मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगां राजस्थान रॉयल्स लगातार पांच मैचों में जीत दर्ज नहीं कर पाई और उसे अपने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 11 रन से हार का सामना करना पड़ा थां अंक तालिका में टीम का नौवां स्थान हैं

000